मूल हिंदी में

भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1355
31.07.2025 को उत्तर के लिए

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में नियुक्ति और योग्यता संवर्धन

1355. श्री नीरज डांगी :

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार द्वारा प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों में पर्यावरण अभियंताओं, वैज्ञानिकों और अन्य संबंधित पेशेवरों की भर्ती को बढावा देने हेतु कोई विशेष योजना या कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों में तकनीकी और वैज्ञानिक पदों के लिए अपेक्षित दक्षताओं और शैक्षिक योग्यता में सुधार करने के किसी प्रस्ताव का विचार रखती है; और
(ग) क्या सरकार की प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों में संविदा आधार पर रखे गए कर्मचारियों की नियुक्ति को स्थायी पदों में परिवर्तित करने की कोई योजना है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एसपीसीबी) का गठन जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 के उपबंधों और वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के समान उपबंधों के तहत किया गया है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों/समितियों के अपने भर्ती नियम हैं, जो संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से बनाए गए हैं। इन नियमों में विभिन्न पदों, उनकी संख्या, भर्ती पद्धति और अधिकारियों व अन्य कर्मचारियों की सेवा संबंधी निबंधनों एवं शर्तों का विवरण दिया गया है। बोर्ड, रिक्तियों के आधार पर संबंधित बोर्डों में सभी तकनीकी, गैर-तकनीकी और प्रशासनिक पदों को भरने के लिए भर्ती नियमों/सेवा नियमों के अनुसार भर्ती अधिसूचनाएँ जारी करते हैं।

(ख) सीपीसीबी ने वर्ष 2019-20 में एसपीसीबी/पीसीसी की कार्य-निष्पादन के संबंध में लेखापरीक्षा की है, जिसमें एसपीसीबी/पीसीसी में तकनीकी और वैज्ञानिक पदों के लिए अपेक्षित दक्षताओं में सुधार के लिए वैज्ञानिक जनशक्ति, प्रयोगशाला अवसंरचना और प्रशिक्षण के अंतराल की पहचान की गई है। लेखापरीक्षा की प्रक्रिया के दौरान एसपीसीबी के कार्य-निष्पादन की जांच करने के बाद, उनकी दक्षताओं में सुधार के लिए उनकी कमियों का पता चला। इसके अलावा, सीपीसीबी प्रत्येक वर्ष सीपीसीबी, एसपीसीबी और पीसीसी के अधिकारियों के लिए नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है। अब तक कुल 36 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें पिछले तीन वर्षों के दौरान विभिन्न बोर्डों के 1,132 अधिकारियों ने भाग लिया है, जिसका ब्यौरा निम्न प्रकार है:-

क्र. सं.	**अवधि**	**प्रशिक्षण कार्यक्रम**	**प्रतिभागी कार्मिकों की संख्या**
1.	वर्ष 2021-22	10	264
2.	वर्ष 2022-23	10	321
3.	वर्ष 2023-24	16	547

(ग) प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों (पीसीबी) में संविदा नियुक्तियों को स्थायी पदों में बदलने की सरकार की कोई योजना नहीं है। संविदा कर्मचारी नियमित पदों के लिए आवेदन करने के पात्र हैं, बशर्ते वे संबंधित बोर्डों द्वारा जारी रिक्ति विज्ञापनों में उल्लिखित अपेक्षित अर्हताएं और अनुभव मानदंड पूरे करते हों।

******